संख्या-11/2015/1081एस0सी0/18-2-2015-10/2014

प्रेषक,

सुबोध कुमार श्रीवास्तव,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1- प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक (अग्रणी बैंक),
2-महात्मा गाँधी मार्ग, लखनऊ।

2- सचिव/महाप्रबन्धक,
जिला सहकारी बैंक,
मेरठ (अग्रणी बैंक), मुरादाबाद (अग्रणी बैंक),
लखीमपुर खीरी (अग्रणी बैंक), रामपुर (अग्रणी बैंक) एवं
मुजफ्फरनगर (अग्रणी बैंक)।

चीनी उद्योग अनुभाग-2 लखनऊ : दिनांक 24 सितम्बर, 2015

विषय:- भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा चीनी मौसम 2014-15 के लिए चीनी मिलों की गन्ना मूल्य देयता की स्थिति में सुधार करने हेतु **"किसानों के गन्ना देयों के भुगतान को सरल बनाने की दृष्टि से चीनी मिलों को आसान शर्तों पर कर्ज प्रदान करने की स्कीम"** के अन्तर्गत उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0 की 22 इकाईयों को रू0 139.30 करोड़ की शासकीय गारण्टी दिये जाने एवं उक्त शासकीय गारण्टी पर देय गारन्टी शुल्क को माफ किए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य तथा सार्वजनिक वितरण मंत्रालय द्वारा चीनी मौसम 2014-15 के लिए चीनी मिलों की गन्ना मूल्य देयता की स्थिति में सुधार करने हेतु **"किसानों के गन्ना देयों के भुगतान को सरल बनाने की दृष्टि से चीनी मिलों को आसान शर्तों पर कर्ज प्रदान करने की स्कीम"** दिनांक 23 जून, 2015 घोषित की गई है। उक्त स्कीम के अन्तर्गत उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0 की स्नेह रोड (बिजनौर) इकाई को छोड़कर शेष 22 इकाईयों को पेराई सत्र 2014-15 के लिए रू0 139,30,00,000/- (रूपये एक सौ उन्तालीस करोड़ तीस लाख मात्र) की शासकीय गारण्टी दिए जाने पर शासन द्वारा सहमति प्रदान की जाती है।

2- उक्त घोषित स्कीम के अन्तर्गत यह ऋण उन चीनी मिलों को स्वीकृत किए जायेंगे जो पेराई सत्र 2014-15 के दौरान कार्यशील रही हैं तथा उन्ही चीनी मिलों के ऋण आवेदनों पर विचार करेगा जिन्होनें एफ0आर0पी0 के आधार पर की गई गणना के अनुसार चालू चीनी मौसम 2014-15 के लिए भुगतान योग्य गन्ना मूल्य का दिनांक 31-08-2015 तक 50 प्रतिशत का भुगतान कर दिया हो। मिलवार विवरण संलग्न है।

3- आसान शर्तों पर ऋण की मिलवार प्रमात्रा को चीनी मौसम 2013-14 में श्वेत चीनी के बताए गए उनके उत्पादन का 11 प्रतिशत को हिसाब में लेते हुए निर्धारित किया जाएगा और यह ऋण उन मिलों के लिए उपलब्ध होगा जिन्होंने कम से कम चीनी मौसम 2013-14 और 2014-15 में चीनी का उत्पादन किया हो।

4- सरकार 10 प्रतिशत के साधारण ब्याज या बैंक द्वारा लिए गए वास्तविक ब्याज, इनमें जो भी कम हो, को अधिकतम एक वर्ष के लिए ब्याज माफी के जरिए ब्याज का भार वहन करेगी। इसके बाद चीनी मिलें उधार लिए गए ऋण की वापसी करेगी जिसके लिए उन्हें ब्याज का भार स्वयँ वहन करना पड़ेगा।

5- सम्बन्धित चीनी मिल को अपने से सम्बन्धित चीनी/गन्ना आयुक्त द्वारा यह प्रमाणित करते हुए कि ऋण राशि का उपयोग स्कीम में विनिर्दिष्ट उद्देश्य के लिए कर लिया गया है, विधिवत रूप से प्रतिहस्ताक्षरित उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा। राज्य चीनी/गन्ना आयुक्त भी ऋण की उपयुक्त निगरानी करेंगे।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

जून 2016 तक उपयोगिता प्रमाण-पत्र जमा न किए जाने में चूक होने पर केन्द्रीय सरकार द्वारा ब्याज माफी की प्रतिपूर्ति नही की जाएगी।

6- भारत सरकार द्वारा उक्त ब्याज परिदान के उपरान्त यदि कोई ब्याज देयता अवशेष होती है तो उसका भुगतान सम्बन्धित सहकारी चीनी मिलों द्वारा वहन किया जाएगा तथा इस हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई वित्तीय सहायता नही दी जाएगी।

7- उक्त शासकीय गारण्टी पर देय गारण्टी शुल्क को माफ किए जाने का भी निर्णय लिया गया है।

8- इस सम्बन्ध में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि संलग्नक में उल्लिखित चीनी मिलों हेतु उपर्युक्त शासकीय गारण्टी के विलेख विधीक्षण/निष्पादन के उपरान्त शीघ्रातिशीघ्र उपलब्ध करा दिये जायेंगे।

5- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-यू0ओ0-बी-4-125/दस-2015, दिनांक 24 सितम्बर, 2015 में प्राप्त उनकी सहमति से निर्गत किए जा रहे हैं।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

(सुबोध कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव।

संख्या-11/2015/1081(1)/एस0सी0/18-2-2015-तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी चीनी मिल्स संघ लि0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उ0प्र0 कोआपरेटिव बैंक/जिला सहकारी बैंकों द्वारा स्वीकृत की जाने वाली धनराशि पर शासकीय गारण्टी दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कृपया आवश्यक अग्रेतर कार्यवाही करने के साथ-साथ शासकीय गारण्टी एवं काउण्टर गारण्टी के प्रारूप भी विधीक्षण हेतु निर्धारित शुल्क राजकोष में जमा कराते हुए उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2- प्रधान महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-4

4- चीनी उद्योग अनुभाग-1/3

5- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(जोगेन्द्र प्रसाद)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

LIST OF COOPERATIVE SUGAR FACTORIES TO WHOM GOVERNMENT GUARANTEE IS REQUIRED, FOR AVAILING SOFT LOAN AS PER SCHEME OF GOVERNMENT OF INDIA FOR THE PAYMENT OF CANE PRICE ARREARS FOR SUGAR SEASON 2014-2015.
(THIS LOAN IS FINANCED THROUGH U.P. COOPERATIVE BANK/DISTRICT COOPERATIVE BANKS)

S. NO.	NAME OF COOPERATIVE SUGAR FACTORIES WITH ADDRESS	NAME OF THE FINANCING BANK	GUARANTEE AMOUNT (Rs. In Lac)
1-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Anoopshahar, Distt. Bulandshahr	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	690.04
2-	Kisan Sahkari Chini Mills Limited Nanauta, Distt. Saharanpur	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	1202.70
3-	The Kisan Cooperative Sugar Factory Limited Sarsawa, Distt. Saharanpur	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	617.50
4-	Bisalpur Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Bisalpur, Distt. Pilibhit	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	488.98
5-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Budaun, Distt. Budaun	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	248.83
6-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Kaimganj, Distt. Farrukhabad	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	398.30
7-	Kisan Sahkari Chini Mills Limited Powayan, District - Sahjahanpur	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	279.70
8-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Puranpur, Distt. Pilibhit	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	363.00
9-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Satha, Distt. Aligargh	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	238.58
10-	Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Semikhera, Distt. Bareilly	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	555.27
11-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Tilhar, Distt. Sahjahanpur	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	551.63
12-	Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Ghosi, Distt. Mau	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	512.27
13-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Mahmudabad, Distt. Sitapur	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	456.38
14-	Shravasti Kisan Sahkari Chini Mills Ltd., Nanpara, Distt. Bahraich	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	678.80
15-	Kisan Sahkari Chini Mills Limited Sultanpur, Distt. Sultanpur (Avadh)	Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	241.59
16-	The Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Gajraula, Distt. Amroha	Moradabad Zila Sahkari Bank Ltd. Moradabad (Lead Bank)	681.86
		Uttar Pradesh Coop. Bank Limited (Lead Bank)	
17-	The Bagpat Coop. Sugar Mills Ltd. Bagpat, Distt. Bagpat	Zila Sahkari Bank Limited Meerut (Lead Bank)	930.73
18-	Ramala Sahkari Chini Mills Limited Ramala, Distt. Bagpat	Zila Sahkari Bank Limited Meerut (Lead Bank)	1003.09
19-	The Ganga Kisan Sahkari Chini Mills Limited Morna, Distt. Muzaffarnagar	Zila Sahkari Bank Limited Muzaffarnagar (Lead Bank)	852.19
20-	Sarjoo Sahkari Chini Mills Limited - Belrayan, Distt. Lakhimpur-Kheri	Zila Sahkari Bank Limited Lakhimpur-Kheri (Lead Bank)	1438.82
21-	Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Sampurna Nagar, Distt. Lakhimpur-Kheri	Zila Sahkari Bank Limited Lakhimpur-Kheri (Lead Bank)	1110.38
22-	Rudra Bilas Kisan Sahkari Chini Mills Ltd. Bilaspur, Distt. Rampur	Rampur Zila Sahkari Bank Ltd. Rampur (Lead Bank)	389.33
		GRAND TOTAL	**13929.97**

(सुबोध कुमार श्रीवास्तव)
संयुक्त सचिव
चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग
उ० प्र० शासन।